फर्द अहकाम

(नियम–26)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज0)

श्री लाल सिंह पिता भैरूसिंह राणावत गांव मेहन्दुरिया, पो. राजपुरा दरीबा जिला राजसमन्द

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं उप श्रम आयुक्त, चित्तौड़गढ़

किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 112/2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11/11/20	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलार्थी श्री लाल सिंह पिता भैरूसिंह राणावत निवासी मेहन्दुरिया, पोस्ट राजपुरा दरीबा, जिला राजसमन्द ने सूचना प्राप्ति हेतु एक आवेदन दिनांक 03.07.2020 को लोक सूचना अधिकारी एवं उप श्रम आयुक्त, चित्तौड़गढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया। लोक सूचना अधिकारी एवं उप श्रम आयुक्त, चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रार्थी को उक्त आवेदन से चाही गई सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस कार्यालय को जरिए ड़ाक प्रस्तुत की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नही कराने पर ही अपील ग्रहण करता है। अपील के साथ संलग्न सूचना के अधिकार के तहत प्रस्तुत आवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त आवेदन लोक सूचना अधिकारी एवं उप श्रम आयुक्त, चित्तौड़गढ़ को सम्बोधित है एवं चाही गई सूचनाएं उप श्रम आयुक्त, चित्तौड़गढ़ से संबंधित है जो कि श्रम विभाग का विषय है। लोक सूचना अधिकारी एवं उप श्रम आयुक्त, चित्तौड़गढ़ के विरूद्ध प्रस्तुत अपील पर इस कार्यालय द्वारा सुनवाई की सक्षमता/क्षेत्राधिकार नहीं है। अतः अपीलार्थी को संबंधित अपीलीय प्राधिकारी के यहां अपील प्रस्तुत करने के परामर्श के साथ अपील निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को प्रेषित की जावे। (के.के. शर्मा) **लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी** **जिला कलक्टर** **चित्तौड़गढ़ (राज.)**	

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official